दिनांक : 09.02.2025 समय : 2.10 पीएम

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

परीक्षा पे चर्चा-प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट मॉयजीओवी डॉट इन और यूट्यूब से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा। प्रदेश के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी परीक्षा पे चर्चा का सजीव प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। दूरदराज के क्षेत्रों में जहां टीवी देखने की व्यवस्था संभव नहीं होगी वहां रेडियो की व्यवस्था किये जाने के लिये निर्देश दिये गये है।

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर रायसेन में तैयारियां जारी है। रायसेन के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। छात्रा शिवानी श्रीवास्तव ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया ......

मुख्यमंत्री/मंत्री-मनोहर लाल खट्टर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने मध्य प्रदेश के शहरी विकास, आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं विभिन्न योजनाओं के संचालन संबंधी सार्थक चर्चा की।

महाकुंभ - सहायक यंत्र

केंद्र सरकार ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 12 हजार से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। महाकुंभ में, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने एक पैवेलियन स्थापित किया है, जहां सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के प्रति केंद्र सरकार की पहलों को प्रदर्शित किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा एक दिवसीय मैच कटक में शुरू हो गया है। इंग्लैंड टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रहा है। आज विराट कोहली और वरूण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

- नर्मदापुरम जिले मे सर्वाइकल कैंसर से बचाव और जागरूक बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इटारसी में 30 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन चिकित्सालय के अधीक्षक और स्त्री रोग विशेषज्ञ की निगरानी में लगाई गई।

- भारत सरकार की उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम योजना के तहत आगरमालवा जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा 16 फरवरी को जिले के 752 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी जिसमें 58 हजार 171 असाक्षर सम्मिलित होगें।

- श्योपुर के पोषण पुनर्वास केंद्रों में कमजोर बच्चों को भर्ती किये जाने का क्रम जारी है। महिला बाल विकास अधिकारी ओपी पांडेय ने जानकारी दी है कि ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर के माध्यम से गांव गांव बस्तियों में अभियान चलाकर कमजोर बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जा रहा है।

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली अखिल भारतीय रूपक महोत्सव का आयोजन कर रहा है । इस वर्ष महोत्सव भोपाल में 11 फरवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।